**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**
**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली,– हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /एम आर 04 दिनांक : 26 मार्च, 2021

## प्रेस विज्ञप्ति

### बी डी एल में "आजादी का अमृत महोत्सव" आरंभ अनुभवी युद्ध सैनिकों के साथ 'फ्रीडम मार्च' और विद्यार्थियों के लिए 'रोज़गार कौशल' विषय पर व्याख्यान आयोजित

आज भारत डायनामिक्स लिमिटेड ( बी डी एल) द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष को स्मरण करते हुए **'आजादी का अमृत महोत्सव'** आरंभ किया गया। इस अवसर पर दि. 26 मार्च से दि. 01 अप्रैल तक एक सप्ताह के लिए कंपनी की सभी इकाइयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे।

इस समारोह की शुरुआत आज आर एस आई, सिकंदराबाद में **"फ्रीडम मार्च"** से शुरु हुआ। इसमें सशस्त्र सेनाओं के अनुभवी युद्ध सैनिक, सेवारत अधिकारी और बी डी एल के उच्चाधिकारयों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सेवारत अधिकारियों में मेजर जनरल आर के सिंह, जी ओ सी, तेलंगाना और आंध्र सब-एरिया भी शामिल हैं।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए बीडीएल के सी एम डी **कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.)** 'फ्रीडम मार्च' में इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए अनुभवी युद्ध सैनिक और सेवारत अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

सी एम डी ने कहा - "यह महोत्सव हमें भारत की आजादी के लिए हुई लड़ाई की महत्वपूर्ण घटनाओं का स्मरण दिलाता है और साथ ही इस भारत माता के असंख्य प्रिय पुत्रों द्वारा किये गये महान बलिदानों को भी याद दिलाता है। भारत एक ऐसा देश है जहाँ युवाओं की संख्या अधिक है। महान अनुभवी युद्ध सैनिकों के पदछाप आने वाली पीढ़ी के लिए 'राष्ट्र-निर्माण' के लिए काम करने में पथ-प्रदर्शक सिद्ध होते हैं।

"हमें गर्व है कि भारत ने एक ओर कोरोना महामारी पर लड़ते हुए विश्व को टीका मुहैया कराया है तो दूसरी ओर मित्र देशों को मिसाइल और टॉरपिडो निर्यात करने में लगी है।

बी डी एल, सशस्त्र सेनाओं के लिए विभिन्न प्रकार की मिसाइलें, अतर्जलास्त्र और प्रतिमार अवसर्जन प्रणालियों का विनिर्माण करने वाला एक रक्षा उपक्रम है। इनमें से कुछ उत्पादों का निर्यात भी किया जा रहा है।
इस अवसर पर अनुभवी युद्ध सैनिकों का सम्मान भी किया गया।

**आज़ादी का अमृत महोत्सव** के उपलक्ष्य में आई टी आई, पुराना शहर, हैदराबाद के विद्यार्थियों के लिए रोज़गार कौशल बढ़ाने प्रमुख प्रेरक वक्ता श्री गंपा नागेश्वर राव ने प्रेरक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए बी डी एल के निदेशक (वित्त) **श्री एन श्रीनिवासुलू** ने कहा कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के लिए रक्षा मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' को मुख्य विषय के रूप में चुना है। श्री श्रीनिवासुलू ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मेहनत कर अपने-अपने व्यवसाय में 'आत्मनिर्भर' बने। इसकेलिए बी डी एल अपनी सी एस आर पहल के अंतर्गत 'कौशल विकास' कार्यक्रम आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है।

पूरे एक सप्ताह तक चलने वाले इस समारोह में आत्मनिर्भर भारत पर विक्रेताओं के लिए देशीकरण, एम एस एम ई विक्रेताओं के लिए सरकारी नियम-विनियम, एम एस एम ई के लिए लाभ विषयों पर वेबिनार का आयोजन, औद्योगिक संरक्षा और हानिकार प्रक्रियाओं पर शिक्षुओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, एम एस एम ई अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के लिए पंजीकरण का विशेष अभियान, ई-पुस्तिका का विमोचन आदि कार्यक्रमों के आयोजन योजना है।



दि. 26 मार्च, 2021 को सिकंदराबाद में आयोजित अनुभवीयुद्ध सैनिक, कार्यरत अधिकारी और बी डी एल के उच्चाधिकारियों द्वारा 'फ्रीडम मार्च' का शुभारंभ करते हुए कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बी डी एल



दि. 26 मार्च, 2021को संपन्न 'फ्रीडम मार्च' में भाग लेते हुए अनुभवी युद्ध सैनिक, कार्यरत अधिकारी और बी डी एल के उच्चाधिकारी



दि. 26 मार्च, 2021को संपन्न 'फ्रीडम मार्च' में भाग लेते हुए अनुभवी युद्ध सैनिक, कार्यरत अधिकारी और बी डी एल के उच्चाधिकारी




दि. 26 मार्च, 2021 को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत बी डी एल द्वारा आई टी आई, पुराना शहर, हैदराबाद के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ' प्रेरक व्याख्यान' के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त)